दिन– सोमवार दिनांक–30 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

कोसी और गंडक बराज से पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ का पानी कई नए क्षेत्रों के साथ विभिन्न नदियों में पहुंच रहा है। जिससे पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सुपौल, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, अररिया, सीतामढ़ी, शिवहर सहित 16 जिले बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हैं। इधर, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, बागमती, कमला बलान और अन्य कई छोटी नदियों में पानी के अधिक दबाव के कारण विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा तटबंध टूट गए है। सीतामढ़ी जिले में बेलसंड प्रखंड के मधकौल, रिखौली और रून्नीसैदपुर प्रखंड के तिलक ताजपुर में बागमती नदी का तटबंध टूट गया है, जिससे दर्जनों गांवों में जन–जीवन प्रभावित है। दरभंगा जिले के किरतपुर प्रखंड अंतर्गत भुभौल के पास कोसी नदी का पश्चिमी तटबंध टूट गया है जिससे कई पंचायतों में बाढ़ का पानी घुस गया है। पश्चिम चंपारण जिले में एक सुरक्षा बांध भी ध्वस्त हो गया है। जल संसाधन विभाग बांधों की मरम्मत का काम कर रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार आज भी कोसी, गंडक और बराह के बराजों से पानी छोड़ने को सिलसिला जारी है। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया है कि कोसी बराज से दोपहर एक बजे दो लाख चौदह हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है।

जल संसाधन विभाग के मुख्य सचिव संतोष कुमार मल्ल ने कहा कि बांधों के आसपास रात–दिन गश्ती की जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत अभियान तेज कर दिया गया है। बाढ़ के बाद विस्थापित हुए लोगों को समुदायिक रसोई में तैयार भोजन दिए जा रहे हैं। इधर, बाढ़ की विकट स्थिति के मद्देनजर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–एनडीआरएफ की छह अतिरिक्त टीम को राहत कार्य में लगाया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहले से मौजूद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की बारह और राज्य आपदा मोचन बल की बाईस टीमें राहत और बचाव के काम में जुटी हुई हैं।

---

इधर, कटिहार–जोगबनी रेलखंड पर रेल परिचालन सामान्य हो गया है। कटिहार रेलमंडल के प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि जोगबनी स्टेशन यार्ड से पानी निकल जाने के बाद आज सुबह से सभी ट्रेनों का परिचालन जोगबनी तक किया जा रहा है। गौरतलब है कि बाढ़ का पानी रेल ट्रैक पर आ जाने के कारण इस रेलखंड पर ट्रेन परिचालन फारबिसगंज तक ही किया जा रहा था।

————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटो के दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर मध्यम स्तर की वर्षा हुई है। बेगूसराय में सबसे अधिक पैंतीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटो के दौरान पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, सीतामढ़ी, मधुबनी समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य स्थानों के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को आयुष्मान भारत योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों का नाम दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्यों को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि योजना का लाभ लेने वाले वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत मोबाईल एप या वेब पोर्टल के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। उम्र का निर्धारण आधार कार्ड से किया जायेगा। नामांकन के लिए आधार कार्ड ही एक मात्र आवश्यक दस्तावेज होगा।

————————————————————————

गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत जलालपुर में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर शराब तस्करों ने फायरिंग कर दी। गोलीबारी की इस घटना मे

होमगार्ड का एक जवान घायल हो गया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से  एक अपराधी भी घायल हो गया।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के बरौनी–मुजफ्फरपुर मुख्य सड़क पर बगराहा डीह के पास भीषण हादसे में मोटरसाईकिल सवान तीन लोगों की मौत हो गई।

———————————————————————

समाप्त